ओडिशा

2024 के चुनाव में 115 करोड़ रुपये खर्च किए गए : मुख्यमंत्री

भुवनेश्वर, (काप्र) : ओडिशा सरकार ने 2024 के चुनावों के दौरान वाहनों, टेंट, साउंड सिस्टम, बैरिकेड्स और चुनाव से जुड़े अन्य प्रबंधन सहित विभिन्न रसद व्यवस्थाओं के लिए 115.94 करोड़ रुपये खर्च किए। यह जानकारी मुख्यमंत्री मोहन माझी ने सोमवार को ओडिशा विधानसभा में बीजद विधायक रणेंद्र प्रताप स्वाईं द्वारा उठाए गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खर्च का एक बड़ा हिस्सा – 80.93 करोड़ रुपये पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान इस्तेमाल किए गए वाहनों पर ही खर्च किए गए। इसके अलावा, टेंट, साउंड सिस्टम और बैरिकेड्स की लागत 35.01 करोड़ रुपये थी। इस

खुलासे ने चुनाव प्रबंधन के वित्तीय बोझ और लागत प्रभावी उपायों की आवश्यकता के बारे में विधानसभा में चर्चा छेड़ दी है। इससे पहले दिन में, मुख्यमंत्री माझी ने ओडिशा विधानसभा को रिक्तियों की स्थिति के बारे में जानकारी दी। प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, ओडिशा में वर्तमान में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 67 और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 69 पद रिक्त हैं।

विजिलेंस ने पिछले तीन साल में 810 मामला दर्ज किए : मुख्यमंत्री

भुवनेश्वर : ओडिशा सतर्कता निदेशालय ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों में 810 मामले दर्ज किए। यह जानकारी मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में सूचित किया। पिछले तीन वित्तीय वर्षों में यानी 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च, 2024 तक कुल 810 मामले दर्ज किए हैं। बड़चणा के भाजपा विधायक अमर कुमार नायक के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इनमें से 422 मामलों की जांच पूरी हो चुकी है। उन्होंने आगे बताया कि 810 मामलों में से 259 मामले सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों से जुड़ी आय से अधिक संपत्ति से संबंधित थे। इनमें से 150 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। माझी ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार आय से अधिक संपत्ति के संचय को रोकने के लिए कड़े कदम उठा रही है।

स्थानीय लोगों ने सड़क पर जल छिड़काव करने की मांग को लेकर किया सड़क जाम

जोड़ा, (संवाद सूत्र) : केंदुझर जिला के जोड़ा प्रखंड अंतर्गत बलदा पंचायत के बी प्लॉट के ग्रामीणों ने सड़कों पर जल छिड़काव की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी अपनी मांग को लेकर रविवार रात से लेकर सोमवार दोपहर तक सड़क अवरोध कर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। जिसके कारण सैकड़ों की संख्या में खनिज से लदे ट्रक सड़क के दोनों किनारे खड़े हो गए, जिससे आवागमन बाधित हो गया। क्षेत्र के प्रमुख लोगों में पंकज कुमार बारिक, सूर्यमणि मुंडा, लाल मोहन मुंडा, परशुराम नायक ने सड़क जाम के बारे में बताया कि आसपास के खदानों से नित्य दिन हजारों की संख्या में खनिज लदे भारी वाहन निकलते हैं। जिसके कारण सड़क की हालत काफी खराब हो गई है। लीज धारक सड़कों की मरम्मत किए बिना खनिजों का परिवहन जारी रखे हुए हैं। चूंकि सड़कें कच्ची हैं, इसलिए परिवहन के दौरान काफी धूल उड़ती है, जिससे क्षेत्र प्रदूषित हो रहा है। यहां तक की आस-पास रहने वाले लोगों के घर पूरी तरह धूल से भर जा रही है। जिससे लोगों को रहना मुहाल हो गया है। इतना ही नहीं धूल के कारण लोगों को अपने घरों में रसोई बनाने के दौरान भोजन दूषित हो जा रहा है। जिससे इलाके के लोग कई तरह की बीमारियों की चपेट में आ रहे है। जब खनन कंपनियों से सड़कों पर पानी छिड़कने के लिए कहा जाता है, तो कोई उनकी बात नहीं सुनने को तैयार नहीं होता है। इलाके के लोगों ने यह भी शिकायत की कि वे लंबे समय से बिजली से वंचित हैं और अब उन्हें धूल और धुएं में रहना पड़ रहा है। मामले की सूचना मिलने पर बामेबारी पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से समझौता करने की कोशिश की। पुलिस ने भविष्य में सड़क पर पानी छिड़काव कराने का वादा किया। इसके बाद पुलिस ने सड़क पर पानी डालने की व्यवस्था करायी। जब पानी सड़क पर पानी का छिड़काव किया जाने लगा तो लोगों ने अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

ठगी करने के आरोप में आंध्र का चावल व्यापारी गिरफ्तार

➡ आरोपी आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले के तनुकू का है निवासी

गंजाम, (संवाद सूत्र) : ओडिशा चावल मिल मालिक से 77 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में आंध्र के 47 वर्षीय चावल व्यापारी को ओडिशा पुलिस ने रविवार को आंध्र प्रदेश से गिरफ्फतार किया। आरोपी व्यापारी ने करीब पांच साल पहले गंजाम जिले के एक चावल मिल मालिक से 77 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले के तनुकू का निवासी है और उसे ओडिशा और आंध्र प्रदेश की सीमा पर गिरिसोला के पास से गिरफ्तार किया गया। वर्मा ने कथित तौर पर करीब पांच साल पहले गंजाम जिले के पिटाटाली के चावल मिल मालिक से 77 लाख रुपये का चावल खरीदा था और पैसे नहीं चुकाए थे। ब्रह्मपुर के पुलिस अधीक्षक सरवण विवेक एम ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने सीमावर्ती इलाके में छापेमारी की और आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी समेत आंध्र प्रदेश के दो लोगों ने करीब पांच साल पहले ओडिशा-आंध्र प्रदेश के सीमावर्ती गांव पिटाटाली में चावल मिल के मालिक से चावल खरीदने के लिए संपर्क किया था। उन्होंने मालिक को यह भी आश्वासन दिया कि वे मिल से नियमित रूप से चावल खरीदेंगे। उन्होंने तुरंत पैसे देकर कुछ दिनों के लिए चावल भी खरीद लिया था। इसके बाद उन्होंने मिल मालिक को जल्द ही पैसे चुकाने का आश्वासन देकर मिल से 77.26 लाख रुपये का चावल उधार पर खरीद लिया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद बताया कि उन्होंने पैसे का भुगतान नहीं किया। मिल मालिक ने पिछले साल 6 नवंबर को आरोपियों के खिलाफ गोलंथरा पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। गोलंथरा पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक विवेकानंद स्वाईं ने बताया कि पुलिस ने समय-समय पर आरोपी व्यक्तियों से चावल की आपूर्ति से संबंधित सभी दस्तावेज जब्त कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि धोखाधड़ी मामले में शामिल दूसरे व्यक्ति की भी पहचान कर ली गई है। उन्होंने बताया कि उसे पकड़ने के लिए तलाश जारी है।

मामला चार वर्षीय बच्ची की किडनी रोग का

जिला स्वास्थ्य विभाग कराएगा बच्ची की किडनी ट्रांसप्लांट

छत्रपुर, (संवाद सूत्र) : चार वर्षीय बच्ची अनुष्का की किडनी ट्रांसप्लांट कराने में जिला स्वास्थ्य विभाग सहयोग का हाथ बढ़ाया है। विभाग ने बच्ची की किडनी ट्रांसप्लांट कराने का फैसला किया है। इसे लेकर मुनिसिपेंठ समूह स्वास्थ्य केंद्र की एक टीम सोमवार को अनुष्का और उनके माता-पिता को लेकर जिला स्वास्थ्य सूचना केंद्र ले गए। गौरतलब है कि गंजाम जिले के छत्रपुर ब्लॉक अंतर्गत चमाखंडी ग्राम पंचायत के लक्ष्मणनगर इलाके के एन कृष्णा रेड्डी और उर्मिला रेड्डी की चार वर्षीय बेटी अनुष्का की दोनों किडनी पूरी तरह

खराब हो गई है। बच्ची की नियमित डायलिसिस कटक शिशु भवन में की जा रही है और तुरंत किडनी ट्रांसप्लांट करवाना जरूरी है, अन्यथा बच्चे की जान को खतरा हो सकता है। दूसरी ओर नगर निगम समूह के स्वास्थ्य केंद्र की एक टीम सोमवार को अनुष्का और उसके माता-पिता को जिला स्वास्थ्य सूचना केंद्र ले गई। केंद्र के प्रमुख डॉ विजय पाणिग्राही और डॉ आर जगदीश रेड्डी ने बच्चे के स्वास्थ्य की जांच की और कागजी कार्रवाई देखी। इसके पश्चात डायलिसिस के संबंध में कटक शिशु भवन के साथ चर्चा की। अनुष्का के माता-पिता ने किडनी प्रत्यारोपण के लिए उसे शिशुभवन को सौंपने की सिफारिश की थी। इसके पश्चात मुनिसिपेंठ समूह स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा स्वाधीन रथ उन्हें ब्रह्मपुर में गंजाम जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय पंडा से मिलाने ले गए। गंजाम जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किडनी प्रत्यारोपण के संबंध में गंजाम जिलाधिकारी के साथ बातचीत की। इसके पश्चात अधीक्षक डॉक्टर स्वाधीन रथ ने बताया कि कटक शिशु भवन से किडनी प्रत्यारोपण के लिए अनुशंसा पत्र आने के बाद किडनी का प्रत्यारोपण कराया जाएगा। गौरतलब है कि किडनी प्रत्यारोपण की अनुमानित लागत 30 लाख रुपये है। यह इलाज ओडिशा में नहीं होगा, बल्कि दूर बेंगलुरू में होगा। मां उर्मिला रेड्डी ने अपनी बेटी को अपनी किडनी दान करने की पहल की थी, लेकिन वित्तीय दिक्कतें आड़े आ गईं थी। छत्रपुर ब्लॉक नगर पालिका समूह स्वास्थ्य केंद्र ने इसकी जानकारी मिलने के बाद चिंता व्यक्त की । इसके पश्चात यह कदम उठाया गया।

तालाब में नहाने दौरान हुई नाबालिग लड़की की मौत

जोड़ा, (संवाद सूत्र) : केंदुझर जिले के जोड़ा प्रखंड के बिलेइपदा फांडी अंतर्गत असेंइकला पंचायत का बड़ हुंडुला गांव में एक नाबालिग की मौत तालाब में नहाने के दौरान डूबने से हो गई। मृतक की पहचान बिशु मुंडा की छोटी बेटी संजना मुंडा (7) के रूप में हुई है। इस संबंध में जोड़ा आईआईसी सुशांत प्रधान ने बताया कि बिशु मुंडा की दो बेटी सोमवार की सुबह पास के तालाब में नहाने गई थीं। नहाने के दौरान किसी कारण वश छोटी बेटी संजना का पैर फिसल गया और वह तालाब के गहरे पानी में चली गई। उसे शीघ्र ही तालाब से बाहर निकालकर बासुदेवपुर समूह स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आईआईसी ने घटना स्थल पर जाकर मामले की जांच की। जांच करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया। इस संबंध में थाने में आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया गया है।

खेलो इंडिया अंडर-17 बालिका फुटबॉल चैंम्पियनशिप हुआ संपन्न

➡ इस चैंपियनशिप में जिले के विभिन्न हिस्सों से कुल 6 टीमों ने लिया भाग

केंदुझर,(संवाद सूत्र) : ऑल इंडिया फुटबॉल फेडेरेशन, फुटबॉल एसोसिएशन आफ ओडिशा और केंदुझर जिला खेल संस्थान के सहयोग से केंदुझर शंकरपुर स्थित धरणीधर खेल परिसर में आयोजित खेलो इंडिया अंडर-17 बालिका फुटबॉल चैंम्पियनशिप रविवार को संपन्न हुआ। मार्च 6 से 16 तारीख तक पहली बार आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न हिस्सों से कुल 6 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों में टाटा स्टील फाउंडेशन-जोड़ा, जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन-बंधुवाबेड़ा, बड़बिल एफसी, तारिणी फुटबॉल अकादमी-केंदुझर, जिंदल फाउंडेशन बड़बिल-ए और एडमिन एफसी शामिल थीं। प्रतियोगिता डबल राउंड लीग प्रारूप में आयोजित की गई थी, जिसमें प्रत्येक टीम एक-दूसरे से दो बार मैच खेली। अंतिम चरण में तारिणी फुटबॉल अकादमी – केंदुझर ने 10 मैचों में 9 जीता और 1 ड्रॉ सहित 28 अंक हासिल किये और चैंपियन बनीं। जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन बंधुवाबेड़ा ने 8 मैच जीता, 1 हारा और 1 ड्रॉ से 25 अंक हासिल कर उपविजेता बनीं। खेल के अंत में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। उक्त समारोह में केंदुझर जिला खेल संस्थान के महासचिव जनार्दन दाश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर पुरस्कार वितरित किया। चैंपियन तारिणी फुटबॉल अकादमी को ट्रॉफी के साथ पचास हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया, जबकि उपविजेता जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन-बंधुवाबेड़ा को ट्रॉफी के साथ तीस हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर जिला खेल संगठन के कोषाध्यक्ष सरोज कुमार राणा और बालेश्वर से फुटबॉल संघ के कोच एम बापी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

तीन बदमाशों ने एक व्यक्ति के घर से 50 हजार रुपये लूटे

नयाहाट, (संवाद सूत्र) : नयाहाट फांडी क्षेत्र के सीठुरा गांव में तीन बदमाशों ने एक घर में घुसकर दंपत्ति को डरा धमकाकर नकद 50 हजार रुपये के लूट लिये। इस संबंध में घर की मालकिन टुकुनी बिस्वाल ने नयाहाट फांडी में शिकायत दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार नयाहाट फांडी अंतर्गत बौलांग पंचायत के सीठुरा गांव के सुशांत बिस्वाल का परिवार सो रहा था, तभी तीन बदमाशों ने रविवार रात के तीन बजे उनके घर का दरवाजा खटखटाया। घर के मालिक सुशांत बिस्वाल डर गए और उन्होंने दरवाजा खोला। तीनों बदमाशों ने हथियार दिखाकर बिस्वाल के घर में घुसे और 50 हजार रुपये लूट लिये तथा उनकी बाइक तोड़ कर घर के पीछे फेंक दिया। तीनों आरोपियों ने टुकुनी बिस्वाल की साड़ी फाड़ दी, उसके साथ मारपीट की और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। सीठुरा के ग्रामीणों ने टुकुनी की चीख-पुकार सुनकर घटना स्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों के वहां पहुंचते ही बदमाश वहां से भाग गए। टुकुनी की चारीछक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर नयाहाट फांडी अधिकारी श्रीधर मल्लिक ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

निविदा सूचना सं.: सी-206-जीसीटी-आद्रा-सीआरएस-3, दिनांक 12.03.2025: भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का विवरण:** आद्रा मंडल के तहत चौरासी रेलवे साइडिंग के निकट-आंशिक रूप से रेलवे की जमीन पर गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास के लिए निविदा, **निविदा मूल्य:** रु. 46,69,77,310; **बयाना राशि:** रु. 4,66,97,800; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 23,600; **बंद होने की तारीख:** 16.04.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **कार्य समापन अवधि:** 18 महीने। निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/दिशानिर्देश के लिए इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट: आईआरईपीएस **(www.ireps.gov.in)** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इन कार्यों के लिए कोई भी मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। (PR-1238)

गुमुरा प्रीमियर लीग 2025 का हुआ समापन

लीग में 16 टीमों ने लिया भाग

केंदुझर,(संवाद सूत्र) : जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत मंडुआ पंचायत के गुमुरा में रविवार को गुमुरा प्रीमियर लीग 2025 का समापन हो गया। यह क्रिकेट टूर्नामेंट 11 मार्च को शुरू हुआ, जिसमें कुल 16 टीमों ने भाग लिया। लीग का पहला मैच मल्हारपड़ा श्रीराम इलेवन और पलाशपंगा के बीच हुआ। लीग का फाइनल मैच रविवार को मेजबान गुमुरा इलेवन और रजाबसा इलेवन के बीच हुई। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गुमुरा इलेवन की टीम निर्धारित नौ ओवरों में 95 रन बनाए। इसके जवाब में रजाबसा इलेवन ने आठ ओवर और एक गेंद में मात्र पांच विकेट खोकर मैच जीत लिया और

चैंपियन बन गई। लीग के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष सुकदेव महांत, सम्मानित अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप कुमार पंडा, अन्य अतिथियों में बाइधर नायक, नवीन कुमार पलेई आदि उपस्थित थे। अतिथियों ने खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज और विजेता रजाबसा इलेवन की टीम को तीस हजार रुपये के नकद पुरस्कार के साथ चैंपियन ट्रॉफी और गुमुरा इलेवन को बीस हजार रुपये के नकद पुरस्कार के साथ उपविजेता ट्रॉफी प्रदान की। खेल के अंत में गुमुरा खेल संघ ने गुमुरा क्रिकेट मैदान को एक बड़े क्रिकेट स्टेडियम में परिवर्तित करने का अनुरोध किया।

भोगराई के पूर्व विधायक के निधन पर पूर्व सांसद ने जताया शोक

बालेश्वर, (संवाद सूत्र) : भोगराई के पूर्व विधायक व पूर्व दिवगंत मंत्री अनंत दास एक महान राजनेता और मजबूत प्रशासक थे। पूर्व सांसद व इंजीनियर रवींद्र जेना ने यह बात सोमवार को बीजू जनता दल द्वारा आयोजित मंत्री के शोक सभा में कही। जेना ने कहा कि भोगराई में जन्मे स्वर्गीय दास ने युवावस्था में प्रशासनिक अधिकारी के रूप में अपना करियर शुरू किया और सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया। पिछले 20 वर्षों से वे बालेश्वर सहित पूरे राज्य में एक दृढ़ इच्छाशक्ति वाले राजनीतिक नेता के रूप में जाने जाते हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष बरदा प्रसन्न पटनायक की अध्यक्षता में आयोजित शोकसभा में वरिष्ठ नेता जजाति केशरी दास, प्रदेश महासचिव शशि कुमार साहू, बीबीसीसी अध्यक्ष गणेश महापात्र, जिला परिषद अध्यक्ष नारायण चंद्र प्रधान, प्रदेश युवा बीजू जनता दल के कार्यकारी अध्यक्ष शुभेंदु दास मंगराज समेत कई सदस्य उपस्थित होकर स्वर्गीय दास की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी अमर आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि दी तथा दो मिनट का मौन प्रार्थना किया।

MCL महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)

जागृति विहार, बुर्ला– 768020, जिला–संबलपुर, ओडिशा

दूरभाष (ईपीबीएक्स) : 0663-2542461 से 469, वेबसाइट : www.mahanadicoal.in

सूचना

सामानों, कार्यों एवं सेवाओं के क्रय हेतु सीआईएल एवं इसकी सहायक कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in,** संबंधित सहायक कंपनी (**एमसीएल, www.mahanadicoal.in**) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी ये क्रय उपलब्ध है। R-5243

पूर्व तट रेलवे

स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (STBA) की नियुक्ति के लिए अधिसूचना

सं.: SDCM/KUR/STBA/Notification/NSG-6/2025/Phase-2, दिनांक : 06.03.2025

पूर्व तट रेलवे के खोरधा रोड मण्डल में निम्नलिखित 10 (दस) 'NSG-6' वर्ग के स्टेशनों में 03 (तीन) वर्षों के लिए कमीशन के आधार पर कंप्यूटरीकृत अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (UTS) के जरिए अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (STBA) के रूप में चयन एवं नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। निर्धारित शर्तों को पूरा करने वाले इच्छुक व्यक्ति निर्धारित प्रारुप में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व तट रेलवे, खोरधा रोड को आवेदन कर सकते हैं।

आवश्यक STBA की संख्या : प्रत्येक स्टेशन पर अहर्निश काम करने के लिए केवल एक (01) STBA.

स्टेशनों के नाम

(1) MSGR (मार्शाघाई रोड), (2) NKW (नीलकण्ठेश्वर), (3) BRST (बीरपुरुषोत्तमपुर), (4) KURT (खोरधा टाउन), (5) BAV (बरुवा), (6) JPI (झाडुपुडी), (7) SIJU (सिजु), (8) BGPL (बाघुआपाल), (9) SUDV (सुमादेवी) एवं (10) BBSN (भुवनेश्वर न्यू)।

उपरोक्त स्टेशनों के लिए यथावत रूप से भरा आवेदन दिनांक 28.03.2025 को 1100 बजे तक या इसके पूर्व वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व तट रेलवे, खोरधा रोड के कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए। यदि अंतिम दिवस यानि दिनांक : 28.03.2025 को कोई अवकाश हो अथवा घोषित किया गया हो, तो आवेदन अगले कार्य दिवस में इसी समय तक प्राप्त किया जाएगा।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक 28.03.2025 को 1100 बजे,

आवेदन बॉक्स खुलने की तिथि व समय : दिनांक 28.03.2025 को 1130 बजे।

नियम एवं शर्तों तथा आवेदन प्रारुप से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.eastcoastrail.indianrailways.gov.in तथा http://tenders.gov.in का अवलोकन करें अथवा वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व तट रेलवे, खोरधा रोड, डाक : जटनी, जिला : खोरधा, पिन :752050 के कार्यालय से संपर्क करें।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, खोरधा रोड

PR-1077/P/24-25

पूर्व तट रेलवे

फाइल सं. DRM/Engg/KUR/24-25/E-Tender/117, दिनांक : 11.03.2025

(1) निविदा सं. etenderhqkur-340-2024, दिनांक : 06.03.2025

विवरण : पुरी में रथयात्रा-2025 से संबंधित प्रस्तावित अस्थायी शेड एवं अन्य विविध कार्य।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 365.66 लाख, EMD : ₹ 3,32,800/-

(2) निविदा सं. e-tender-eastkur-339-2024, दिनांक : 05.03.2025

विवरण : खोरधा रोड मण्डल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर/P.WAY/ कन्दरपुर (KDRP) के अधिकार क्षेत्र के अधीन कटक-पारादीप सेक्शन में प्रस्तावित विविध P.WAY कार्य जैसे शालो (SHALLOW) स्क्रीनिंग, डिस्ट्रेसिंग, ट्रैक को उठाना एवं थ्रू (Through) पैकिंग करना, दोषपूर्ण रेल को हटाना, वेल्ड, मक (MUCK) एवं अन्य सक्षम कार्य।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 164.32 लाख, EMD : ₹ 2,32,200/-

(3) निविदा सं. eTender-EastKUR-342-2024, दिनांक : 07.03.2025

विवरण : 50,000 घनमीटर कठोर पत्थर को 50MM साइज बैलास्ट में मशीन द्वारा खण्डित करके रघुनाथपुर डिपो तक आपूर्ति तथा उसका खोरधा रोड मण्डल के किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन में लदान का कार्य।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 782.93 लाख, EMD : ₹ 5,41,500/-

पूरा होने की अवधि: 02 (दो) महीने (क्रम सं. 1 हेतु), 12 (बारह) महीने (क्रम सं. 2 हेतु) एवं 15 (पंद्रह) महीने (क्रम सं. 3 हेतु)।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक 28.03.2025 को 1500 बजे (सभी निविदाओं के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), खोरधा रोड

PR-1093/P/24-25

बिजली कनेक्शन की मांग को लेकर धरना पर बैठे ग्रामीण

बालेश्वर, (संवाद सूत्र) : बिजली कनेक्शन की मांग को लेकर रणसाही पंचायत के लोग विद्युत संरचना के सामने धरना पर बैठे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार की बिजली विभाग ने टाटा पावर को यह निर्देश दिया है कि वह गर्मी के दिनों में किसी भी लंबित बिजली बिल वाले उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन न काटे। राज्य सरकार की ओर से यह निर्देश पांच दिन पहले जारी की गई थी। राज्य सरकार के इस निर्देश के बावजूद टीपीएनओडीएल के कर्मचारियों ने 11 अप्रैल की शाम 7.40 बजे बालेश्वर सदर थाना क्षेत्र के रणसाही पंचायत के वार्ड नंबर 7 में 250 से अधिक बिजली उपभोक्ताओं के

बिजली कनेक्शन काट दिए। इस संबंध में युवा नेता एवं समाजसेवी चंदन मल्लिक के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विभागीय अभियंताओं एवं स्थानीय कनिष्ठ अभियंताओं से मिलकर समस्या का समाधान करने का प्रयास किया, लेकिन वरिष्ठ अभियंता ने ग्रामीणों से इस संबंध में कोई चर्चा नहीं की और बिजली कनेक्शन काट दी। इसे लेकर ग्रामीणों ने सोमवार सुबह 10 बजे से धरना पर बैठ गये। खबर लिखे जाने तक धरना प्रदर्शन जारी था। शाम को अप्रिय स्थिति बनने की सूचना मिलने पर सदर थाना प्रभारी व आईपीएस अधिकारी अर्चिता मित्तल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और प्रदर्शनकारी उपभोक्ताओं व टाटा पावर के इंजीनियरों से वार्ता की लेकिन मामले का समाधान नहीं हो सका। यह आंदोलन चंदन मल्लिक के नेतृत्व में चल रहा है। जिसमें सृष्टिधर जेना, विजय लेंका, धरणीधर जेना, सरोज दास, आनंद दलाई, संतोष जेना समेत कई महिलाएं भी शामिल हैं। गौरतलब है कि 10 मार्च को टाटा पावर ने उपभोक्ताओं को 15 मार्च तक पूरा बकाया बिल जमा करने का नोटिस जारी किया था। लेकिन 15 मार्च के बजाय उन्होंने 11 मार्च को ही रात में लाइन काट दी।

पुलिस ने दंबगई करने के आरोप में दो को किया गिरफ्तार

ब्रह्मपुर, (संवाद सूत्र) : गंजाम जिले में सोमवार को सड़क पर नंगी तलवार लेकर दंबगगिरी करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह घटना ब्रह्मपुर टाउन थाना क्षेत्र के गेट बाजार इलाके के राधाकृष्ण साही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शादी का प्रस्ताव रद्द होने के बाद दोनों परिवारों के बीच झगड़ा हुआ। इस मुद्दे को लेकर सोमवार को राधाकृष्ण साही में एक व्यक्ति खुलेआम सड़क पर तलवार लेकर निकला और एक व्यक्ति पर हमला किया। इसका वीडियो वायरल हो गया है। मामले की सूचना मिलने के बाद टाउन थाना पुलिस कार्रवाई शुरू की और दो लोगों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।